## महत्वपूर्ण एवं खास

### 17 जनवरी को कलेक्टर न्यायालय में आयोजित समस्त प्रकरणों की सुनवाई अब होगी 28 फरवरी को

**रायगढ़।** सर्व पक्षकार गण/अधिवक्ता गण को सूचित किया जाता है कि 17 जनवरी 2022 को छेरछेरा पर्व राज्य शासन द्वारा शासकीय अवकाश घोषित किए जाने के कारण 17 जनवरी को कलेक्टर रायगढ़ के न्यायालय में नियत समस्त प्रकरणों की सुनवाई आगामी पेशी अब 28 फरवरी 2022 को नियत किया गया है।

### 16 जुआरी गिरफ्तार, 63 हजार नकदी जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के आजाद चौक थाना क्षेत्रांतर्गत रामसागरपारा में जुआ खेलते 16 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत रामसागर पारा स्थित ननकू गैरेज पास कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहे है। जिस पर नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक रत्ना सिंह (भा.पु.से.) द्वारा थाना प्रभारी आजाद चौक रविशंकर तिवारी को जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर थाना प्रभारी आजाद चौक के नेतृत्व में थाना आजाद चौक पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान में जाकर देखने पर पाया गया कि कुछ व्यक्ति ताश पत्ती में रकम का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है, जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा रेड कार्यवाही व घेराबंदी कर ताश पत्ती से जुआ खेलते कुल 16 जुआरियों को गिरफ्तार कर जुआरियों के कब्जे से नगदी 63,140/- रूपये एवं ताश पत्ती जप्त किया जाकर जुआरियों के विरूद्ध थाना आजाद चौक में अपराध क्रमांक 12/22 एवं 13/22 धारा 13 जुआ एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्यवाही किया गया।

### आकाशीय बिजली गिरने से 5 मवेशियों की हुई मौत

**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिले के तुरठा ग्राम पंचायत के आश्रित गांव कलेपाल में आकाशीय बिजली गिरने से पेड़ के नीचे खड़े 05 मवेशियों की मौत हो गई। बस्तर संभाग में विगत 01 सप्ताह से मौसम में हुए बदलाव से हो रही बारिश-ओले और आकाशिय बिजली गिरने का सिलसिला जारी है। बीजापुर जिले में भी आकाशिय बिजली गिरने से 12 मवेशियों की मौत हो गई थी। पशु पालक झिंगरु ने बताया कि बीती रात तेज हवाओ के साथ बारिश हो रही थी कि अचानक पेड़ के नीचे खड़े 05 मवेशियों पर आकाशीय बिजली गिर पड़ी। मृत मवेशी ग्राम के ही झिंगरु एवं गांडो राम के है। मवेशियों की मौत की जानकारी राजस्व विभाग को दी गई है,पटवारी मुआवजा प्रकरण की तैयारी कर रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ राज्य शाकम्भरी बोर्ड कार्यालय का उद्घाटन एवं शाकम्भरी महोत्सव का आयोजन आज

**रायपुर (आरएनएस)।** कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे की गरिमामय उपस्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य शाकम्भरी बोर्ड कार्यालय का उद्घाटन एवं शाकम्भरी महोत्सव का आयोजन 17 जनवरी सोमवार को पूर्वान्ह 11 बजे से इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय परिसर लाभांडी जोरा में होगा। कार्यक्रम में शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल सहित बोर्ड के सदस्यगण विशेष अतिथि होंगे। संचालक उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी माथेश्वरन व्ही. ने कार्यक्रम में मरार पटेल समाज के पदाधिकारियों से शामिल होने की अपील की है।

# अंधे कत्ल का 36 घंटे के भीतर पर्दाफाश- अज्ञात महिला की हुई शिनाख्तगी, आरोपी गिरफ्तार

» खरसिया-भूपदेवपुर हाइवे पर मिली थी अज्ञात महिला की लाश

» साक्ष्य मिटाने के मिले सबूत, आरोपी से हत्या में प्रयुक्त लोहे का कत्ता व मोटरसायकल बरामद

» महिला से अंतरंग रिस्ते व ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर सुनियोजित तरीके से आरोपी दिया घटना को अंजाम

**रायगढ़।** मामले का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 14.01.2022 के देर शाम भूपदेवपुर पुलिस को सूचना मिली कि रायगढ़-खरसिया हाइवे के ग्राम चारभांठा दर्राडोली के पास एक अज्ञात महिला उम्र करीब 30-35 वर्ष का शव पड़ा है। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक अमित शुक्ला अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन पर एडिशनल एसपी लखन पटले, एसडीओपी खरसिया निमिषा पांडेय, चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम, सायबर सेल, डॉग स्क्वॉड और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचे। ग्राम चारभांठा का घनश्याम पटेल (प्रार्थी/रिपोर्टकर्ता) बताया कि गांव के भूनेश्वर पटेल के खेत के पास जहां पैरा रखा है वहां एक 25-30 वर्ष की महिला पैरा के ऊपर निर्वस्त्र पडी थी, नजदीक जाकर देखे तो गले में कोई धारदार हथियार से गला को काटने का निशान दिखा एवं खून बहकर सूख गया है। शव से कुछ दुरी में रेल्वे टिकिट एवं देशी प्लेन शराब व गोवा अंग्रेजी शराब का खाली शीशी एवं पन्नी पडा है कुछ दूरी में सामान जलने का निशान दिख रहा है। थाना भूपदेवपुर में अज्ञात आरोपी पर अपराध क्रमांक 08/2022 धारा 302 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर घटना के बाद से एसडीओपी खरसिया थाना भूपदेवपुर, चौकी खरसिसया एवं साइबर सेल स्टाफ के साथ कैम्प कर घटना के हर पहलुओं पर बारीकी से जांच पड़ताल किया गया। शव के परीक्षण पर मृतिका के दाहिने हाथ में ÷अनूप कुमार÷ गोदना से लिखा था तथा रेल्वे के टिकट बेलपहाड़ का मिला था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर तत्काल पुलिस की एक टीम बेलपहाड़ ओडिशा रवाना हुई गोदना पर लिखे अनूप कुमार नाम के व्यक्ति एवं मृतिका का फोटो दिखाकर वारिशानों की पतासाजी की गई जिसमें मृतिका के बसंती भरा सागर पति स्व. अनूप भरा सागर उम्र 37 वर्ष निवासी प्रेमनगर वार्ड क्रमांक 28 चक्रधरनगर जिला रायगढ़ हाल मुकाम बेलपहाड़ वार्ड क्रमांक 07 जिला झारसुगुडा ओडिशा के होने की जानकारी स्पष्ट हुई, घटनास्थल पर मिले साक्ष्य, गवाहों एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज पर चारभांठा के फत्ते सिंह के साथ मृतिका को देखे जाने के सबूत मिले जिस आधार पर फत्ते सिंह को संदेह पर लेकर पूछताछ किया गया। पुलिस को काफी गुमराह करने के बाद आखिरकार उसने सच कबूला और अंतरंग रिस्ते से परेशान होकर बसंती भरा सागर की हत्या करना कबूल किया।

आरोपी फत्ते लाल पटेल उर्फ धना सिंह पटेल अपने मेमोरेंडम कथन में पुलिस को बताया कि वर्ष 2017 से बेलपहाड़ गुमाडेरा टीकेएल कंपनी में मकान पेंटिंग का काम ठेकेदारी पर करता है। पेटिंग ठेकेदारी का काम करते समय बसंती भरा सागर निवासी बेलपहाड़ कंपनी में साफ सफाई का काम करती थी जिससे जान पहचान हुआ। इसी दरमियान बसंती बताई कि उसके पति का देहांत होने पर बच्चों को लेकर मायके में रहती है और बसंती मोबाइल से बातचीत करने लगी। करीब दो साल से दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी जिसका फायदा उठाकर बसंती शादी करने को कहती और दबाव बनाकर मनमाने तरीके से रुपए मांगती थी। फत्ते सिंह बताया कि कई बार वह उसे ?10000-?10000 दे चुका था , उसके पैसे मांगने और शादी करने का दबाव बनाने पर परेशान हो गया था। 11 जनवरी 2022 को बसंती इसे कॉल कर बताई की तबीयत खराब है, मैं रायगढ़ आ रही हूं इलाज करा देना बोली और दूसरे दिन 12 जनवरी 2022 को रायगढ़ आकर अपने रिश्तेदार के यहां रुकना बताई। 13 जनवरी 2022 के सुबह बसंती फत्ते सिंह को रायगढ़ बुलाई तो फत्ते सिंह रायगढ़ जाकर उसका प्राइवेट हास्पीटल में इलाज कराया और बसंती को घर वापस चले जाने के लिए बोला और फत्ते सिंह अपने घर चारभांठा आ गया। उसी शाम करीब 4:00 बजे बसंती फत्ते सिंह को मोबाइल पर कॉल कर बोली कि रेलवे स्टेशन में हूं तुम स्टेशन आ जाओ नहीं तो बेलपहाड़ में रहने नहीं दूंगी बदनाम कर दूंगी कहकर धमकी देने लगी। तब फत्ते सिंह बसंती की हत्या के इरादे से घर से एक प्लास्टिक के थैला में लोहे का कत्ता लेकर मोटरसाइकिल से रायगढ़ गया। रायगढ़ रेल्वे स्टेशन के पास बसंती मिली। बसंती और फत्ते सिंह दोनों शराब पीते थे , फत्ते सिंह रायगढ़ से शराब खरीदकर बसंती को मोटरसाइकिल में बिठाकर दर्रापाली हाईवे के पास ले गया जहां दोनों शराब पिए और इसी बीच बसंती के नशे का फायदा उठाकर लोहे के कत्ते से उसके गले को काटकर हत्या कर कत्ते को फत्ते सिंह पैरा के नीचे छिपा दिया और मृतिका के कपड़े वगैरह को पैरा में जलाकर साक्ष्य नष्ट करने किया। आरोपी फत्ते सिंह के मेमोरेंडम पर हत्या में प्रयुक्त लोहे का कत्ता और मोटरसाइकिल की जप्ती की गई है।

गिरफ्तार आरोपी - फत्ते लाल पटेल उर्फ धना सिंह पटेल पिता दिलेश्वर पटेल उम्र 39 वर्ष निवासी चारभांठा थाना भूपदेवपुर जिला रायगढ़।

वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर इस अंधे कत्ल में मृतिका की शिनाख्तगी, आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक अमित शुक्ला, चौकी प्रभारी खरसिया उनि नंदकिशोर गौतम, सायबर प्रभारी प्र.आर. राजेश पटेल, थाना भूपदेवपुर के सउनि डी.पी. चौहान, सउनि गंगाराम भगत, प्रधान आरक्षक जगेश्वर दिगस्कर, जगदीश नायक, आरक्षक मिनकेतन पटेल, विकास ठाकुर, सुमित उरांव गोवर्धन सिदार, सत्यवान लकड़ा, गिरधारी खड़िया, चौकी खरसिया के आरक्षक कीर्ति सिदार, राजेश राठौर, सायबर के प्रधान आरक्षक दुर्गेश सिंह, बृजलाल गुजर की अहम भूमिका रही है।

## ट्रक, ट्रेलर वाहनों की चोरी कर उनको कटिंग कर खपाने वाले गैंग के दो फरार आरोपी गिरफ्तार

» मामले में 06 आरोपी पहले ही हैं गिरफ्तार, फरार आरोपियों की सरगर्मी से की जा रही थी तलाश

**रायगढ़।** आज दिनांक 16.01.2022 को कोतरारोड़ थाना प्रभारी निरीक्षक चमन सिन्हा के नेतृत्व में सकोतरारोड़ पुलिस द्वारा ट्रक, ट्रेलर वाहनों की चोरी व उनको कटिंग कर खपाने वाले गैंग के दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों के गैंग में शामिल 08 लोगों द्वारा वाहनों की चोरी कर उनको किराये के यार्ड में लेकर कटिंग कर कबाड़ के रूप में बेचने का कार्य किया जा रहा था, मामले में 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर पहले ही कोतरारोड़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था।

माह जुलाई 2021 में थाना कोतवाली एवं कोतरारोड़ में ट्रेलर वाहनों की चोरी की रिपोर्ट आने पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा शहर के थाना प्रभारियों को मुखबिर लगाकर माल मुल्जिम की पतासाजी का निर्देश दिया गया था। जिसमें कोतवाली क्षेत्र के ढिमरापुर से चोरी गई ट्रेलर वाहन सक्ती थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मसानिया में मिली, जहां से कोतवाली पुलिस द्वारा यार्ड से चोरी के वाहन ट्रेलर वाहन को बरामद किया गया। यार्ड में कई और वाहन कटिंग किये हुये रखे थे।

ट्रेलर वाहन स्वामी भगवानपुर थाना कोतरारोड़ निवासी राजु सिंह भी अपनी चोरी गई ट्रेलर की खोजबिन करते हुये मसनिया यार्ड जाकर देखे तो 09 जुलाई 2021 को भगवानपुर के तालाब के पास चोरी हुई ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 04 जेसी 7194 कटिंग कर दिया था। यार्ड में वाहन का नीचे का चेचिस पडा हुआ जो सामने भाग बम्फर में नंबर प्लेट सीजी 04 जेसी 7194 लिखा हुआ है। वाहन स्वामी के रिपोर्ट पर दिनांक 14.07.2022 को अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतरारोड में अप.क्र. 212/2021 धारा 379 आईपीसी कायम कर अपराध पतासाजी में कोतरारोड़ पुलिस द्वारा आरोपी (1) अजय एक्का पिता स्वर्गीय नोहर एक्का उम्र 30 वर्ष निवासी ढिमरापुर अशोक विहार रायगढ़ थाना कोतवाली (2) राजा आलम पिता शेख मंसूर आलम उम्र 20 साल अजाक बस्ती रोड थाना अजाक बस्ती जिला जमशेदपुर हाल मुकाम गोरखा आरके जनरल स्टोर के पास थाना कोतरारोड (3) रोहन बरेठ पिता विनोद बरेठ उम्र 22 वर्ष निवासी विनोबानगर बाईपास मिशन के पास चौकी जूटमिल हाल मुकाम सराईभद्दर तालाब के नीचे महारथी महंत के किराया का मकान चौकी जूटमिल (4) पवनदीप सिंह उर्फ पम्मा पिता अवतार सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी पैरोंकितलवंडी थाना कोद्दर जिला जालंधर पंजाब हाल मुकाम भगवानपुर नीचे बस्ती मोहल्ला थाना कोतरारोड रायगढ़ (5) सुभाष चंद गर्ग पिता द्वारिका प्रसाद अग्रवाल उम्र 52 वर्ष निवासी बैकुंठपुर वार्ड नंबर 16 मकान 86 थाना कोतवाली (6) मोहम्मद शब्बीर उर्फ राजा पिता स्वर्गीय मोहम्मद सलीम उम्र 34 वर्ष निवासी चांदमारी पावर हाउस रोड रायगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था। इनके दो साथी अजय जांगडे और मोहम्मद मकसूद फरार थे।

आरोपियों के गैंग में शामिल गैरेज संचालक सुभाष चंद्र गर्ग द्वारा वाहनों की चोरी और वाहनों की कटिंग कर बिक्री में अपने साथी आरोपियों को मुनाफे का 50 प्रतिशत हिस्सा देना तय किया था। आरोपीगण मसनिया में शब्बीर के नाम पर यार्ड को किराये पर लिये थे, जहां वाहनों की कटिंग किया जा रहा था। अपराध कायमी के दूसरे ही दिन आरोपी सुभाष चंद्र गर्ग , पवन दीप सिंह, अजय एक्का, रोहन बरेठ, राजा आलम की गिरफ्तारी की गई। प्रकरण में कोतरारोड पुलिस द्वारा धारा 201, 34 भादवी विस्तारित की गई। दिनांक 07.01.2022 को मोहम्मद शब्बीर को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया तथा आज दिनांक 16.01.2022 को फरार आरोपी अजय जांगडे और मोहम्मद मकसूद के घर आने की सूचना टीआई चमन सिन्हा को मिलने पर आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी - (7) अजय जांगड़े पिता मोहर साय जांगड़े उम्र 28 वर्ष निवासी काशीराम चौक जूटमिल रायगढ़ (8) मोहम्मद मकसूद पिता मोहम्मद जहूर उम्र 36 वर्ष निवासी गंगा नर्सिंग होम के पीछे सिटी कोतवाली रायगढ़ अपने साथियों के साथ वाहन चोरी व उसे अवैध तरीके से कटिंग करने में शामिल थे। आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी में टीआई चमन सिन्हा, सहायक उप निरीक्षक डी.पी. भारद्वाज, आरक्षक करूणेश कुमार राय, गोविंद पटेल की अहम भूमिका रही है।

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से साकार हुआ नितिन का उद्यमी बनने का सपना

**रायगढ़।** शिक्षा के क्षेत्र में विशेष सफलता नहीं मिलने के बाद एक उद्यमी बनने का सपना संजोये नितिन टांडे के सामने आर्थिक समस्या सबसे बड़ी चुनौती थी। लेकिन उनके इस सपने को साकार किया छत्तीसगढ़ शासन की मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना ने। इस योजना के माध्यम से नितिन टांडे आज हार्डवेयर दुकान प्रारंभ कर एक सफल उद्यमी बन चुके है।

सारंगढ़ के दूरस्थ क्षेत्र में स्थित ग्राम पचपेड़ी तहसील सारंगढ़ निवासी नितिन टांडे ने प्राथमिक शिक्षा के पश्चात हार्डवेयर का दुकान प्रारंभ करना चाहते थे, जिसके लिए टांडे ने ऋण के लिए काफी प्रयास किया लेकिन जानकारी के अभाव में ऋण नहीं मिला। इसके बाद भी वे उद्यमी बनने के इरादे से लगातार प्रयास करते रहे। इसी दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ से लाभान्वित हितग्राही से उसकी मुलाकात हुई एवं योजना की जानकारी मिली। उन्होंने जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ में व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया जिसके बाद उन्हें योजना की विस्तृत जानकारी एवं मार्गदर्शन मिला। टांडे द्वारा वर्ष 2018-19 अंतर्गत मुख्यमंत्री युवा स्व रोजगार योजना अर्न्तगत आवेदन किया गया। जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी में अनुशंसा उपरात उनके आवेदन प्रकरण को एसबीआई मुख्य शाखा सारंगढ़ प्रेषित किया गया। उद्योग विभाग द्वारा प्रोजेक्ट का मार्जिन मनी 25 प्रतिशत 50 हजार रुपये उपलब्ध कराया गया। 02 लाख की ऋण स्वीकृत वितरण उपरांत टांडे द्वारा हार्डवेयर व्यवसाय ग्राम पचपेडी में प्रारंभ किया। आज उनका व्यवसाय सफलता पूर्वक चल रहा है। टांडे द्वारा प्रारंभ किये व्यवसाय से वे अपने साथ दो अन्य लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। टांडे बैंक किस्त का नियमित भुगतान कर रहे हैं। समस्त खर्चों को काटने के पश्चात प्रतिमाह लगभग 25 हजार रुपये का लाभ अर्जित कर रहे हैं। टांडे ने इस योजना के लिए शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## रोजगार मेला में युवाओं को मिला रोजगार

» विभिन्न रिक्तियों में चयनित हुए 86 आवेदक

**रायगढ़।** भारत सरकार, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के निर्देशानुसार जिला कौशल विकास प्राधिकरण रायगढ़ छ.ग. के तत्वावधान में निजी क्षेत्र की रिक्तियों के लिए बीते माह रोजगार मेला का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। इस योजना के तहत युवाओं को रोजगार-स्वरोजगार एवं निःशुल्क प्रशिक्षण के अवसर प्रदान किए जाने हेतु स्थानीय स्तर पर स्थापित उद्योग, संस्थान से उनकी मांग के अनुसार कुशल युवाओं की आवश्यकता का चिन्हांकन करते हुए रिक्तियों की जानकारी संकलित की जाती है। 11 नियोक्ताओं के माध्यम से विभिन्न सेक्टर जैसे-सेल्समेन, बैंकिग एकाउंटिंग, टेली कॉलिंग, फिल्ड ऑफिसर, रिशेप्सनिस्ट, हेल्पर, सुरक्षा गार्ड, सेल्स मैनेजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, कस्टमर रिलेशनशिप एक्सक्यूटिव, सेल्स ऑफिसर इत्यादि हेतु कुल 533 रिक्तियों की जानकारी संकलित की गई।

कौशल विकास प्राधिकरण रायगढ़ के कार्यालय परिसर में रोजगार मेला में कुल 252 आवेदकों द्वारा विभिन्न रिक्तियों के लिए पंजीयन कराया गया। मेला स्थल में ही नियोजकों द्वारा लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए चयन की कार्यवाही संपन्न की गई। 86 आवेदकों को रोजगार मेला स्थल में ही विभिन्न रिक्तियों के लिए चयन कर लिया गया। इस तरह चयनित आवेदक संबंधित संस्थानों में उपस्थित होकर संस्थान के अनुकूल कार्य करने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए निजी क्षेत्र की रिक्तियों में रोजगार के अवसर से लाभान्वित होते हैं।

कार्ययोजना के अनुसार प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार/स्वरोजगार के अवसर प्रदान किये जाने हेतु स्थानीय स्तर पर स्थापित उद्योग समूह, नियोक्ताओं, प्रतिष्ठानों में कुशल युवाओं की आवश्यकता का चिन्हांकन करते हुए जिला रोजगार कार्यालय, जिला उद्योग केन्द्र एवं जिला कौशल विकास प्राधिकरण के आपसी सामंजस्य से नियोक्ताओं को रोजगार मेला में आमंत्रित कर जिला स्तर पर प्रत्येक तिमाही में एक रोजगार मेला (वर्ष में कुल 4) आयोजित करना है।

# इंसानों और वन्य-जीवों का संघर्ष : बलरामपुर में पिछले एक साल के आंकड़े, 6 भालूओं की हुई मौत

» भालूओं के हमले से 21 लोग हुए घायल, 1 व्यक्ति ने गंवाई जान

**बलरामपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिलें में पिछले 1 साल में 6 भालूओं की मौत हुई है. शंकरगढ़ वन परिक्षेत्र में 3 फरवरी को 1 भालू की मौत हुई. कुसमी वन परिक्षेत्र में 10 मार्च को 2 भालूओं की मौत हुई. वाड्रफनगर वन परिक्षेत्र में 31 अगस्त को 1 भालू की मौत हुई. रघुनाथनगर वन परिक्षेत्र में 21 अक्टूबर को 1 भालू की मौत हुई वहीं आज 14 अक्टूबर को रघुनाथनगर में ही 1 भालू का शव मिला है. जिले के रघुनाथनगर वन परिक्षेत्र में 3 महिने के भीतर 2 भालूओं की मौत हो चुकी है. 6 मौतों में 2 भालूओं की मौत आपसी संघर्ष में हुई है जबकि अन्य भालूओं की मौत करंट के चपेट में आने से हुई है.

**21 लोग हुए हैं घायल ,1 व्यक्ति ने गंवाई जान-** वनविभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले 1 साल में बलरामपुर जिले में भालूओं के हमले से 21 लोग घायल हुए हैं वहीं 1 व्यक्ति ने भालू के हमले में अपनी जान गंवा दी है. ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अपनी दैनिक जरूरतों के लिए जंगल जाते हैं. पिछले 1 साल के आंकड़े को देखा जाए तो 21 घायल और 1 मृत व्यक्ति भी अपनी दैनिक जरूरतों के लिए जंगल में वनोपज, लकड़ी लेने या फिर मवेशियों को चराने के लिए गए हुए थे उसी दौरान भालूओं ने इन सभी को अपना निशाना बनाया.

**11 लाख रुपए से अधिक दी गई क्षतिपूर्ति राशि-** वनविभाग के अनुसार बलरामपुर जिले में जनवरी 2021 से दिसंबर 2021 तक भालूओं के हमले में जान गंवाने वाले और घायल होने वालों को पिछले 1 साल में क्षतिपूर्ति राशि के नाम पर 1106833 (ग्यारह लाख छ- हजार आठ सौ तैंतीस रूपए) का क्षतिपूर्ति राशि वितरित किया गया है

1 व्यक्ति की मौत होने पर 6 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान किया गया है. 21 लोगों को घायल होने पर 493833 रूपए की क्षतिपूर्ति राशि सहायता प्रदान किया गया है. 2 पशुओं के मौत पर 13000 रूपए का क्षतिपूर्ति दी गई है

**इंसानों और वन्य-जीवों का संघर्ष-** 6 भालूओं की मौतें हुई हैं वहीं भालू के हमले में 1 व्यक्ति की मौत हुई है हम जितना ज्यादा जंगल के नज़दीक पहुंच रहे हैं ये समस्या उतनी ही अधिक बढ़ रही है. जंगल में भोजन की कमी की समस्या भी बनी हुई है। जिसके चलते भालू हाथी जैसे जानवर भोजन के लिए रिहायशी बस्तियों की ओर आ रहे हैं। इसके साथ ही जंगल से लकड़ी, घास, चारे के इंतज़ाम के लिए लोग जाते हैं बलरामपुर जिले में ज्यादातर मामले ऐसे हैं जब जंगल के अंदर जानवर का हमला हुआ है। यहां लोगों को भी जागरुक किए जाने की जरूरत है.

**वनविभाग असफल-** भालूओं की मौतें हो चुकी है लेकिन वन्य-जीवों के संरक्षण के लिए वनविभाग के द्वारा अबतक ठोस पहल नहीं की गई है, 1 साल में 6 भालूओं की मौत होना गंभीर विषय है. जिले में भालूओं की संख्या कितनी है वनविभाग के पास इसके कोई आंकड़े या अनुमान नहीं है विभाग की ओर से किए जा रहे प्रयासों का असर धरातल पर बहुत अधिक नहीं दिख रहा. इसलिए जानवरों को भी इंसानों के गुस्से का खामियाज़ा उठाना पड़ रहा है. वनविभाग अपने अगर इसी तरह लगातार वन्यजीव की मौत होती रही तो फिर विलुप्त हो जाएंगे.

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480